**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# <u>अनुशासन की अच्छी पहचान है एन0सी0सी0 - राज्यपाल</u>

लखनऊ: 5 फरवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन में आयोजित एक समारोह में गणतंत्र दिवस परेड-2016 नई दिल्ली में सम्मिलित उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों को स्वर्ण पदक एवं रजत पदक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर, एन0सी0सी0 के अपर महानिदेशक मेजर जनरल एस0एस0 मामक सहित सेना के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर अन्तग्रुर्प प्रतियोगिता 2015-16 में सफल हुए एन0सी0सी0 ग्रुप मुख्यालय वाराणसी 'ए' को 'गवर्नर बैनर' से सम्मानित भी किया।

राज्यपाल श्री राम नाईक ने एन0सी0सी0 कैडेट्स को देखकर अपने समय को याद करते हुए कहा कि 'जब मैं पुणे में कामर्स का छात्र था तभी एन0सी0सी0 की शुरूआत हुई थी। मैं एन0सी0सी0 में गया और छात्र के नाते चयनित हुआ। कई प्रमाण पत्र मिले मगर कोई पदक नहीं मिला। आज मुझे पदक पाने वाले कैडेट्स को देखकर इच्छा हो रही है कि काश मुझे भी पदक मिलता'।

राज्यपाल ने एन0सी0सी0 कैडेटों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अनुशासन की अच्छी पहचान है एन0सी0सी0। यह प्रसन्नता की बात है कि एन0सी0सी0 सहित अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। आज के कार्यक्रम में 11 लड़कियों को पदक दिये गये हैं जबकि केवल 8 लड़के पदक प्राप्त कर पाये हैं। विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोहों में भी यह देखने को मिलता है कि 70 प्रतिशत पदक लड़कियाँ प्राप्त कर रही हैं। सेना में महिलाओं का प्रवेश समिति था लेकिन अब मौलिक अंतर आ रहा है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए शुभ संकेत है।

श्री नाईक ने कहा कि गणतंत्र दिवस की परेड स्वाभिमान और आत्मविश्वास बढ़ाती है। देश का संविधान एवं लोकतंत्र मन में विश्वास और उत्साह पैदा करते हैं। 2020 में भारत सबसे युवा देश बनने जा रहा है। हमें संख्या के साथ-साथ गुणवत्ता भी दिखानी होगी। इस बात को हमारी युवा पीढ़ी को ध्यान में रखना चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने युवाओं को ऐसा मार्ग दर्शन दें कि वें देश की निधि बनें। युवा देश के पावर हाऊस जैसे हैं। उन्होंने कहा कि यह समाज की जिम्मेदारी है कि हम अपने पावर हाऊस की ताकत को बढ़ायें।

इस अवसर पर मेजर जनरल एस0एस0 मामक ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा एन0सी0सी0 द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त विवरण भी दिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष एन0सी0सी0 निदेशालय उत्तर प्रदेश को दो प्रमुख ट्राफियों से सम्मानित किया गया है जिसमें से एक ट्राफी 'बेस्ट डाएरेक्टेªट इन सोशल सर्विस' तथा दूसरी 'मोस्ट इम्प्रूव्ड डाएरेक्टेªट' के लिए थी। समारोह में कैडेट्स ने एन0सी0सी0 गीत भी प्रस्तुत किया।

समारोह में रजत सिंह, अर्चना पाण्डेय, संदीप कुशवाहा, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अमन श्रीवास्तव, वंशिका शर्मा को स्वर्ण पदक तथा रचित जैन, कृतिका सिंह, शुभा चैधरी, शिवाली गहलोत, कपिल शिकावर, अर्पित चैधरी, दीक्षा पाण्डेय, विजया वर्मा को रजत पदक सहित अन्य को प्रशंसा पत्र दिया गया।

----

अंजुम/ललित/राजभवन(46/5)

NCC

INVESTITURE CEREMONY OF REPUBLIC DAY
CONTINGENT 2016 OF NCC DIRECTORATE UP
BY
RI RAM NAIK
GOVERNOR OF UTTAR PRADESH
राज भवन

NCC DIRECTORATE UTTAR PRADESH